अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2016-2017

हिन्दी भाषा

कक्षा : VIII

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

---

1. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखें :-** **[15]**

(क) आजकल टी० वी०, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, में विज्ञापनों की भरमार रहती है। आप 'विज्ञापन' से क्या समझते हैं ? क्या विज्ञापनों में कही गई सब बातें सत्य होती हैं ? आप स्वयं कौन से विज्ञापन पसंद करते हैं और क्यों? विचार पूर्वक लिखें।

(ख) 'मेरा भारत देश'

(ग) हाल ही में आपने किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की। आपके साथ कौन-कौन गए। आपने वहाँ क्या देखा ? अपने अनुभव लिखिए।

(घ) कुछ दिन पूर्व आप अपने मित्र के जन्म दिन समारोह में सम्मिलित हुए। आपके मित्र ने क्या तैयारियाँ की थीं ? किस-किस को निमंत्रण भेजा गया था ? आपका समय कैसा व्यतीत हुआ ? वर्णन कीजिए। मित्र को मिलने वाले उपहारों का भी उल्लेख कीजिए।

(ङ) एक कहानी लिखें जिसका आधार निम्न कहावत हो - 'जैसी करनी वैसी भरनी'

(च) 'पहले गर्मी से बेहाल, अब बारिश से बुरा हाल' - जमशेदपुर के इस बदलते मौसम पर अपने अनुभव लिखें।

2. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर पत्र लिखें।** **[10]**

(क) आपके विद्यालय के निकट की बस्ती में आए-दिन लाउड स्पीकर पर तेज आवाज में फिल्मी गीत बजाए जाते हैं जिससे पूरे विद्यालय की शांति भंग होती है और पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होती है। साकची क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिख कर शिकायत करें।

(ख) अपनी बड़ी बहन को पत्र लिख कर बताएँ कि प्रथम सत्र (First Term) की परीक्षा में, हिन्दी में कम अंक प्राप्त करने के बाद, आपने सुधार के क्या-क्या उपाय किए ? और इस परीक्षा (Second Term) में आपको कैसे परिणाम की आशा है।

3. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें :-**

अशोक मौर्य राजाओं में सबसे प्रसिद्ध था। उसका भारतवर्ष के महानतम् शासकों में प्रमुख स्थान था। उसने कलिंग को जीतकर अपने साम्राज्य में मिलाना चाहा। कलिंग पर हमला किया गया। भीषण युद्ध हुआ और कलिंग पराजित हो गया। परन्तु दोनों ओर की सेनाओं को भारी हानि उठानी पड़ी। अशोक ने हज़ारों घायलों और मरते हुए सिपाहियों को देखा तो वह बहुत दुःखी हुआ। उसका हृदय परिवर्तन हुआ और उसने यह निर्णय लिया कि वह जीवन भर शस्त्र नहीं उठाएगा। वह संसार को समझाएगा कि सब शांति से रहें।

Downloaded From www.icseboard.org

अशोक के इस निर्णय से पूरे भारतवर्ष में शांति छा गई। अशोक ने धार्मिक आदेश जारी किए। इन आदेशों में परोपकार शांति तथा आपस में अच्छे व्यवहार के संदेश थे। अशोक ने इन आदेशों को शिलाओं तथा स्तम्भों पर खुदवा दिया, जिससे लोग एक जगह पर एकत्र होकर इन्हें पढ़ सकें। इस प्रकार उन्हें राजा के विचारों का ज्ञान हो सकें।

अशोक की इच्छा थी कि सभी अलग-अलग धर्म मानने वाले आपस में शान्ति और प्रेम से रहें। बौद्ध, जैनी और ब्राह्मण आपस में झगड़े नहीं। छोटे बड़ों की आज्ञा मानें। मालिक अपने दासों और सेवकों के साथ अच्छा व्यवहार करें।

इस प्रकार अशोक ने हिंसा व युद्ध को पूरी तरह त्याग कर संसार के सामने अहिंसा, प्रेम व सद्भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। विश्व में यह अकेला उदाहरण है। इसी कारण विश्व ने अशोक को 'अशोक महान' कहा।

(1) अशोक कौन था ? उसने कलिंग पर हमला क्यों किया ? [3]

(2) युद्ध के बाद अशोक दुःखी क्यों हुआ ? उसने क्या निर्णय लिया ? [3]

(3) अशोक ने अपने धार्मिक आदेशों का प्रचार किस प्रकार किया ? [3]

(4) अशोक की इच्छा क्या थी ? वह प्रजा में कैसा व्यवहार देखना चाहता था ? [3]

(5) 'अशोक को अशोक महान' क्यों कहा गया ? [3]

4. **निम्नलिखित शब्दों में किन्हीं 4 के विलोम शब्द लिखें। (शब्द उतारें)** [4]

उत्कृष्ट, कृत्रिम, उधार, आदर्श, अरुचि

5. **केवल चार शब्दों के 2-2 पर्यायवाची लिखें (शब्द उतारें)** [4]

उजाला, कपट, कोयल, खल, कृषक

6. **केवल चार मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ (मुहावरे उतारें)** [2x4=8]

कलई खुलना, कान खड़े होना, काफूर होना, कोल्हू का-बैल होना, कमर टूटना

7. **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें - (केवल 4 शब्द)** [4]

(क) दूसरे देश से मंगाया जाना

(ख) जो कुछ न करता हो

(ग) जो इस लोक (संसार) का न हो

(घ) जो कम बोलता हो

8. **निम्नलिखित उपसर्गों से एक-एक शब्द लिखें।** [4]

1. अति 2. अनु 3. अव 4. उप

9. **निम्नलिखित प्रत्ययों से एक-एक शब्द लिखें।** [4]

1. आई 2. आहट 3. एरा 4. दार

Downloaded From www.icseboard.org

10. **निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखें –** [4]

1. घर 2. कान 3. कुम्हार 4. बूँद

11. **निम्नलिखित शब्दों के भाव वाचक शब्द लिखें –** [4]

1. ईर्ष्या 2. पागल 3. कठिन 4. कंजूस

12. **निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें** [4]

(क) वह घर गया और काम में लग गया। ('पहुँचकर' का प्रयोग करें)

(ख) मैं मेरा काम कर रहा हूँ। (वाक्य शुद्धि करें)

(ग) भारत की तरक्की देख कर उसके शत्रुओं के दिल पर साँप लोट जाते हैं। (सही मुहावरा लिख कर वाक्य दोबारा लिखें)

(घ) छात्र ने एक प्रश्न का उत्तर लिखा। (बहुवचन में बदलें)

Downloaded From www.icseboard.org